विधिक चेतना अभियान में प्रतियोगियों को किया पुरस्कृत

■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा माँ सरस्वती को दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

करौली (निंसं.)। विधिक चेतना अभियान के तहत विशेष योग्यजन की आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण-पत्र व पुरुस्कार वितरित किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष योग्यजन (स्पेशली डिसेबल्ड) के लिए पूर्ण रूप से समर्पित, विधिक जागृति की निरन्तरता में -उड़ान-2.0 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से 16 सितंबर को त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम करौली में जिला स्तरीय समूह प्रतियोगिताओं में कबड्डी (छात्र वर्ग) एवं एकल प्रतियोगिताओं में लम्बी कूद (छात्र वर्ग), लम्बी कूद (छात्रा वर्ग), बैडमिन्टन, कैरम व पेन्टिंग/चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम करौली के भाग लेने वाले प्रतिभागियों को एवं विजेताओं को प्रमाण-पत्र व पुरुषकार वितरण हेतु शनिवार को नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम करौली में श्रीमती ममता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करीली की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ममता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माँ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता चौधरी द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण-पत्र, गोल्ड मेडल व पुरुष्कार एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण-पत्र, सिल्वर मेडल व पुरुष्कार तथा तृत्तीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण-पत्र, ब्रान्ज मेडल व पुरूष्कार वितरित किये गये।

साथ ही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अस्थल के विद्यार्थी गौरव मीना द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर गौरव मीना को भी राजकीय उच्च माध्यकि विद्यालय अस्थल में श्रीमती ममता चौधरी द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र एवं सिल्वर मेंडल व पुरुष्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है, खेल को खेल की भावना से खेला जाए। खेल प्रतियोगिता हमारे लक्ष्य व हमारी खेल की भावना को जागृत करने के लिए है। जो भी प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं वे अपने आप में ही एक विजेता है।

साथ ही बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा प्रभारी सहित एकट बोध ग्राम संस्थान के समस्त स्टॉफ व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अस्थल का स्टॉफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पुलिस, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थियों ने लगाई दौड़

करौली(निंसं.)। भारतीय एकता के प्रतीक भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर करौली जिला पुलिस विभाग द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया। करौली सर्किट हाउस से रवाना हुई रन फॉर यूनिटी के दौरान उपस्थित विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा,जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, अति पुलिस अधीक्षक गुमनाराम,उप पुलिस अधीक्षक अनुज शुभम, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने रैली को हरिजनदी दिखा कर रवाना किया इस दौरान सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, पुलिस कार्मिकों, युवाओं, खिलाड़ियों, स्काउट गाइडस के रोवर्स रेंजर्स, छात्र छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। उपस्थित अतिथियों एवं विशिष्टजनो ने अपने अपने संबोधन में सरदार पटेल के जीवन चरित्र, उनके अदम्य साहस, संगठन शक्ति और अखंड भारत के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए सादर नमन किया। रैली दौड़ शहर के कलेक्ट्रेट सर्किल, वजीरपुर गेट,सदर बाजार, फूटाकोट होते हुए हिण्डौन दरवाजा , अस्पताल मार्ग, गुलाब बाग होते हुए माथुर स्टेडियम में पहुंचकर संपन्न हुई।

छात्रवृति योजना में बायोमैट्रिक कराने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर

करौली(निंसं.)। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में जो छात्र किसी कारणवश कॉलेज में बायोमैट्रिक उपस्थिति से वंचित रह गये थे। उनको कॉलेज में बायोमैट्रिक उपस्थिति हेतु 15 नवम्बर तक अंतिम अवसर दिया गया है। उन्होंने आवेदकों एवं संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे 15 नवम्बर तक आवश्यक रूप से कॉलेज में बायोमैट्रिक उपस्थिति दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक बायोमैट्रिक उपस्थिति नहीं करने के अभाव में आवेदन रिजेक्ट होने की समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संस्थान की होगी। लूट-दुष्कर्म के मामले में आरोपी को

तीसरी बार पवन मीना बने पटवार संघ उपशाखा वजीरपुर अध्यक्ष

गंगापुर सिटी(निसं) । राजस्थान पटवार संघ उपशाखा वजीरपुर की कार्यकारिणी के चुनाव शनिवार को उपखंड मुख्यालय पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। इन चुनावों में पवन सिंह मीणा लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी शिवराज मीना (गिरदावर) और पवन कुमार मीना (पटवारी) की देखरेख में मतदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। वजीरपुर क्षेत्र के सभी पटवारियों ने इसमें हिस्सा लिया। संगठन मंत्री पद के लिए राजकुमार बैष्णव और अभिषेक गुप्ता के बीच मुकाबला हुआ। इसमें राजकुमार बैष्णव ने 12 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उदेई खुर्द पटवारी मानसिंह मीना ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए पवन सिंह मीना और जितेंद्र रैगर आमने-सामने थे। पवन सिंह मीना ने 13 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की, जबकि जितेंद्र रैगर को 4 मत मिले। पवन सिंह मीना का लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना एक महत्वपूर्ण घटना है। चुनाव प्रक्रिया के सफल समापन पर उपस्थित सदस्यों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। स्कूल शिक्षा परिवार की बैठक संपन्न

प्रश्न पत्र हेतु नामांकन सूची भिजवाने का किया आग्रह

गंगापुर सिटी(निसं) । स्कूल शिक्षा परिवार, तहसील गंगापुर सिटी की ओर से भगवती पैलेस,उदेई मोड, गंगापुर सिटी में साधारण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष नीटू सिंह धावाई ने की। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी सारांश जैन ने बताया कि परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी निजी विद्यालयों को कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के अपने छात्र-छात्राओं की नामांकन सूची लैटर पैड पर शीघ्रतम उपलब्ध करानी होगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ 20 नवम्बर से प्रारंभ होंगी। इस दौरान परीक्षा संयोजक के रूप में धर्म प्रकाश आर्य तथा सह-संयोजक के रूप में रामसिंह राजपूत, राजेश सैन एवं परीक्षा कमेटी के सदस्य अशोक शर्मा, विजेंद्र धाकड ,राजेश सैनी, राजेश गुर्जर, ओमप्रकाश महावर को दायित्व सौंपा गया। तहसील अध्यक्ष नीटू सिंह धावाई ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी विद्यालयों को सक्रिय सहयोग हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सुरेन्द्र सिंह राजपूत,रामसिंह राजपूत, अशोक शर्मा, राजेश सैन, विजेंद्र धाकड, राजेश सैनी, राजेश गुर्जर, ओमप्रकाश महावर, महेंद्र कुमार नापित, धर्मप्रकाश आर्य आदि सदस्य मोजूद थे।

लायन्स क्लब के दिव्यांग शिविर के रजिस्ट्रेशन 10 तक

गंगापुर सिटी (निसं)। शनिवार को प्रात: 10 बजे पंचायत समिति राजीव गाँधी सेवा केंद्र पर निशक्तजनो की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अमजद खान व तहसील अध्यक्ष जगदीश बेरबा ने बताया कि मीटिंग मे 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस एवं मंच के स्थापना दिवस की तैयारीयों के लिए कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिए गए एवं 14 से 16 नवम्बर तक लगने वाले विकलांग केम्प के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु कागजात एकत्रित किये गए। मीटिंग में सभी को बताया गया कि 10 नवम्बर तक केम्प के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए जा सकते है। वहीं दिव्यांगजनो को सरकारी योजनाओ का लाभ उठाने की अपील की गई। मीटिंग मे सीमा, बिजेंद्र, हरकेश, दिनेश, हरी, विकाश, रेखा, कल्लू, ममता, रामसिंग, रामराज, अनवर, पवन, इमामुद्दीन, साईबा, दीना, हेमराज, असीम, धर्मेन्द्र, देवीलाल, आदि लोग उपस्थित थे।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को दी विदाई

करौली(निंसं.)। राजकीय महाविद्यालय करौली के प्राचार्य प्रो. नत्थू सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य नत्थू सिंह को स्मृति चिन्ह, माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। समूचा वातावरण भावनाओं से ओतप्रोत हो उठा जब महाविद्यालय परिवार एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने उनके उल्लेखनीय योगदान को याद किया।समारोह की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. रफीक अहमद ने की जिन्होंने इस अवसर पर नत्थू सिंह के उत्कृष्ट नेतृत्व,अनुशासन प्रियता एवं कार्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया। नगर के वरिष्ठ नागरिक मदन मोहन शर्मा, महाविद्यालय करौली की विकास समिति के एडवोकेट ऊधौसिंह एवं वेणुगोपाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नत्थू सिंह के प्रयासों से महाविद्यालय को 10 करोड़ रुपये की निर्माण राशि प्राप्त हुई हैं जिससे महाविद्यालय के अधोसंरचना विकास में अभूतपूर्व प्रगति होगी। उनके मार्गदर्शन में कॉलेज ने शैक्षिणक साख को पुन स्थापित किया हैं। प्रो. नत्थू सिंह का व्यक्तित्व सरलता,धैर्य, लगनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का अद्भुत संगम रहा है। उन्होंने सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षक समाज की गरिमा को सर्वोपरि रखा।

भक्ति-सुरों के बीच सजी रुकमणी-विवाह की झांकी

गंगापुर सिटी(निसं)। शिवपुरी बी स्थित रामचरण शर्मा मसावता वाले के यहां आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास जगदीशाचार्य तलाबड़ा वाले ने कथा के छठवें दिन रुकमणी-विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्ति रस से ओतप्रोत वातावरण बना दिया। मधुर भजनों की सुरलहरियों और रुकमणी-विवाह की जीवंत झांकी ने श्रोताओं को भक्तिरस में डुबो दिया। पूरे पंडाल में विवाह-गीतों, मंगलाचरण, पुष्प-वर्षा और संगीत की गूंज से माहौल उल्लास और श्रद्धा से भर गया।कथा यजमान सतीश गौतम ने बताया कि इस अवसर पर रुकमणी जी की गोद भराई एवं कन्यादान की रस्म भी सम्पन्न हुई। सैकड़ों महिलाओं ने सामूहिक रूप से कन्यादान में भाग लेकर भक्तिरस का आनंद लिया।

कुशती प्रतियोगिता में बारिश खान ने जीता सिल्वर मेडल

गंगापुर सिटी। राजकीय महाविद्यालय, वजीरपुर के छात्र बारिश खान ने कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में बारिश खान का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी प्रो. रामकेश मीना (आदिवासी) ने की। उन्होंने कहा कि बारिश खान ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के दम पर न केवल महाविद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता, वजीरपुर तहसील और गंगापुर सिटी उपखंड का नाम गर्व से ऊँचा किया है। बारिश खान वजीरपुर तहसील के पावटा गद्दी गांव के निवासी हैं और किसान सलीम खान के पुत्र हैं।

डॉ. गर्ग ने आरएनएफसीडी के निर्माण एवं लाइनिंग कार्य का किया निरीक्षण

■ पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सडक किनारे उगी बबूल व करव को हटवाने के दिये निर्देश

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रणजीत नगर की हरिजन बस्ती से गुजर रही आरएनएफसीडी का निरीक्षण किया और आरएनएफसीडी के किये जा रहे विकास एवं निर्माण कार्य के बारे में नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी लेकर निकट ही रह रहे हरिजन बस्ती के लोगों के मकानों का कम से कम नुकसान हो, ऐसे प्रयास करने के निर्देश दिये।

डॉ. गर्ग ने शनिवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ आरएनएफसीडी में किये जा रहे निर्माण कार्य का अवलोकन करने के साथ ही हरिजन बस्ती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें पता चला कि आरएनएफसीडी के निर्माण के दौरान हरिजन बस्ती में रहने वाले लोगों के मकानों को नुकसान हो सकता है। जिस पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये किये सौन्दर्यकरण व विकास के कार्य के दौरान लोगों के मकानों को कम से कम नुकासन पहुंचे ऐसे प्रबंध कियें जायें।

डॉ. गर्ग ने निर्माण के दौरान बेघर हो रहे हरिजन परिवारों को भी दूसरी जगह विस्थापित कराने की बात कहते हुये नगर निगम के अधिकारियों को क्षितग्रस्त पडे भवन का पुन: निर्माण कराने के साथ ही सामुदायिक भवन बनवाने के लिये तकमीना तैयार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर डॉ. गर्ग के साथ नगर निगम के सचिव, कनिष्ठ अभियन्ता अजीत बघेल, निवर्तमान पार्षद ओमवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ. गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्रों की सडकों के सहारे उग रहीं विलायती बबूल को कटवाने के साथ ही लोगों द्वारा सडक किनारे रखे गये करव एवं अन्य सामग्री को भी हटवाने के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये ताकि सडकों पर वाहनों का संचालन सुचारू हो सके और लोगों की जीवन यात्रा सुखद हो पाये।

डॉ. गर्ग ने क्षेत्र के पीपला, महचौली, गोविन्द नगर कॉलोनी सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना जिनका समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर तीन दिवसीय विकास कार्यक्रम सम्पन्न

■ कार्यक्रम के मुख्य संसाधन व्यक्ति डॉ. गोपाल बाबू एवं डॉ. बी. के. शर्मा रहे, जबकि डॉ. मुकुल गोयल ने ऑब्ज़र्वर के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

भरतपुर (निस)। इंजीनियरिंग कॉलेज भरतपुर में एक स्व-वित्तपोषित प्रारंभिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज विषय पर केंद्रित था, जिसका उद्देश्य शिक्षकों में मानवीय मूल्यों, आत्म-अन्वेषण तथा समग्र जीवन दृष्टि के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य संसाधन व्यक्ति डॉ. गोपाल बाबू एवं डॉ. बी. के. शर्मा रहे, जबकि डॉ. मुकुल गोयल ने ऑब्ज़र्वर के रूप में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पूर्णत: हिन्दी भाषा में किया गया, जिससे प्रतिभागियों को गहन समझ और सक्रिय सहभागिता का अवसर मिला। इस एफडीपी में कुल 100 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 61 प्रतिभागी उद्घाटन दिवस पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ब्रज विश्वविद्यालय भरतपुर, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर, सनातन स्कूल तथा टी.एम. इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त समाज से जुड़े कुछ प्रतिभागियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस तीन दिवसीय आयोजन में मानवीय मूल्य, आत्म-संतुलन, संबंधों में सामंजस्य, जीवन में उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण तथा मानव-मानव के बीच परस्पर सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अखिलेश्वर पांडेय एवं डॉ. नवीन झा रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का सफल समन्वय किया। आयोजन में डॉ. प्रमोद कुमारी, डॉ. दीपक कुमार गोयल, डॉ. विजय खीचड़, डॉ. नवल किशोर साहू तथा डॉ. राहुल श्रीवास्तव ने सहयोगी भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन सत्र में प्रतिभागियों के कार्यशाला के बारे में विचार सुने गए। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को उनके स्वयं के विकास के लिए बहुत उपयोगी पाया।

प्रतिभागियों को इस कार्यशाला से परिवार, समाज और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व पूर्वक जीने का रास्ता भी समझ आया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत, व्यावसायिक एवं सामाजिक जीवन में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज के सिद्धांतों को अपनाकर एक समरस, जिम्मेदार और खुशहाल समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

गंगापुर(निसं)। शुक्रवार देर रात सवाई माधोपुर रोड पर सड़क हादसे में 46 वर्षीय मजदूर मदनलाल रेगर की मौत हो गई। मदनलाल अपने गांव उमरी लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, उमरी निवासी मदनलाल रेगर पुत्र रामजीलाल शुक्रवार रात करीब 1 बजे रिश्तेदार के भात कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सवाई माधोपुर रोड पर उमरी गांव के पास पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घायल मदनलाल को तत्काल गंगापुर सिटी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान शनिवार उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय गौ धन शिखर सम्मेलन में स्वदेशी उत्पादों की लगेंगी स्टालें

■ ग्रामीण नवाचार और स्वदेशी उत्पादों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

भरतपुर (निस)। देश में गौ आधारित अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक कृषि, जैविक उत्पादों, ग्रामीण उद्यमिता तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला राष्ट्रीय गौ धन शिखर सम्मेलन 2025 आगामी 5 से 10 नवम्बर 2025 में भरतपुर के स्वदेशी उत्पादों की लगेंगी स्टालें, यह आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में भव्य रूप से आयोजित होगा। यह सम्मेलन देशभर के गौपालकों, किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यिमयों और नवप्रवर्तकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य भारतीय परंपरा में निहित गौ संस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और ग्रामीण आजीविका को नई पहचान देना है। इस आयोजन की तैयारियों के अंतर्गत कोर कमेटी की पूर्व बैठक दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की। बैठक में आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा प्रतिभागी उद्यिमयों को स्टॉल प्रबंधन, उत्पाद प्रस्तुति और प्रचार-प्रसार से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय गौ धन शिखर सम्मेलन 2025 न केवल गौ आधारित उत्पादों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि यह ग्रामीण नवाचार, महिला सशक्तिकरण और युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। यह आयोजन परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम का एक अनूग्र उदाहरण होगा, जहाँ ग्रामीण भारत की शक्ति और कौशल को पूरे देश के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में भरतपुर जिले से आठ चयनित उद्यमी भाग लेंगे, जो जिले की ग्रामीण सृजनशीलता, पारंपरिक ज्ञान और उद्यमशीलता का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये उद्यमी अपने-अपने विशिष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर राष्ट्रीय मंच पर भरतपुर की पहचान को नई ऊँचाई देंगे।

करियर टूर के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन

भरतपुर (निस)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय के मार्गदर्शन में डाइट परिसर, भरतपुर में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में टेक्नोलॉजी क्षेत्र में करियर के प्रति जिज्ञासा, आकांक्षा और जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर चयनित विद्यालयों के आईसीटी प्रभारियों और कंप्यूटर अनुदेशकों को प्रशिक्षण एवं आमुखीकरण प्रदान किया गया।

यह कार्यक्रम फाउंडेशन फॉर एक्शन एंड इनोवेशन और अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 100 शिक्षकों ने भाग लिया और करियर टूर के माध्यम से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अब ये प्रशिक्षित शिक्षक इस पहल को आगे बढ़ाते हुए जिले के लगभग 12,000 विद्यार्थियों तक पहुँचाएंगे तथा उन्हें डिजिटल माध्यम से करियर टूर का अनुभव कराएँगे। प्रशिक्षण का प्रमुख आकर्षण यह रहा कि इसमें यह दर्शाया गया कि तकनीक हमारे दैनिक जीवन में कितनी विविध भूमिकाएँ निभाती है और शिक्षक विद्यार्थियों को नई संभावनाएँ पहचानने और अपनाने के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनीत कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में, विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में करियर आकांक्षाएँ जागृत करने की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस दिशा में शिक्षकों का आमुखीकरण करने के लिए एफआईए टीम को धन्यवाद दिया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुरेन्द्र गोपालिया ने कहा कि शिक्षक न केवल अपने विद्यालय के बल्कि गांव एवं आसपास के विद्यार्थियों तक भी इस करियर टूर के अनुभव को पहुँचाएँ, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सभी शिक्षकों एवं प्रशिक्षण टीम का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन फाउंडेशन फॉर एक्शन एंड इनोवेशन की टीम द्वारा किया गया, जिसमें यतीश बेदी, सुश्री प्रज्ञा तिवारी और सुश्री निधि लखेडा शामिल रहे।

गौरव कपूर का हुआ सम्मान

भरतपुर (निस)। ब्राह्मण युवा मंच के संयोजक मनीष तिवारी व लखन शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न समाजिक संगठनों के युवाओं ने भरतपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गौरव कपूर का चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए माला पटका व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मनीष तिवारी ने कहा कि डॉ.गौरव कपूर ने जबसे मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यभार संभाला है भरतपुर जिले के स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय सुधार आए है स लखन शर्मा ने कहा कि गौरव कपूर की कार्यशैली सकारात्मक है व लोगों को प्रेरणा देते है। इस अवसर पर सोमेंद्र शांडिल्य, प्रतीक शर्मा टिंकल, सौरव चतुर्वेदी, अरुण पाठक, सौरव रायसीस, श्यामसुंदर, विशाल राजपूत, राम गांवडी, अजीत गांवडी, अंत में सभी का आभार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने सभी आगंतुकों का आभार जताया ।

सार-समाचार

कांग्रेस ने पुण्यतिथि और जयंती कार्यक्रम मनाया

करौली(निंसं.)। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा भारद्वाज भवन अंबेडकर सर्किल के पास भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके योगदान और विचारों को स्मरण किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के लिए जो कार्य किए वे आज भी देश को प्रेरणा देते हैं। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के एकीकरण में जो ऐतिहासिक भूमिका निभाई वह भारतीय इतिहास में अमर है।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज, पुष्पेंद्र मीना,पीसीसी सदस्य महेन्द्र सूरौठिया,जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मीना, विषम्भर शर्मा, विश्राम बैरवा, शिवकुमार शर्मा,दिलीप सिंह बना, अमित जिंदल, केशव सिंह माली, फ़जले अहमद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।इसके अलावा करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड के मासलपुर रोड चुंगी करौली आवास पर जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई गई सर्व प्रथम इन्दिरा गांधी और सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महा सचिव कन्हैया लाल शर्मा ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी जी की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि इन्दिरा गांधी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया इसी प्रकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर करौली नगर परिषद उप सभापति सुनील सैनी ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज हम सब को मिलकर इन महा पुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर देश मैं एकता और भाईचारा बनाना है नफरत को छोडकर मोहब्बत के सर्व समाज को साथ लेकर देश के लिए अपना योगदान देना चाहिए ।

लूट के मामले में 8 हजार के ईनामी बदमाश गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। भरतपुर पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई हैकृ थाना अटलबंद पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे 8 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में थाना अटलबंद प्रभारी हेमेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है.थाना प्रभारी हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित सैड का मढ़, गंगा मंदिर के पास निवासी 8 हजार रुपए के ईनामी बदमाश मोहित उर्फ पूड्डी पुत्र लक्ष्मण सिंह को मानवीय आसूचना एवं तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है. आरोपी से लूट की अन्य वारदातों में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य साथियों और वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है। गौरतलब है कि इस मामले में थाना अटलबंद पुलिस पूर्व में भी दो आरोपियों कृ सुरजीत उर्फ कालू और सचिन उर्फ गौरव कृ को गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही लूट की वारदात में प्रयुक्त टेम्पो भी पहले ही जब्त किया जा चुका है।

खाटूश्यामजी के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

भरतपुर (निस)। राजस्थान सरकार ने भुसावर से सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम मंदिर के लिए राजस्थान रोडवेज बस सेवा शुरू की है। यह बस शनिवार, 1 नवंबर को प्रात: 6 बजे भुसावर से रवाना हुई। भुसावर में भारत विकास परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और श्याम भक्तों ने चालक नरेंद्र कुमार और परिचालक दशरथ शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान खाटूश्याम जाने वाले यात्रियों का भी सम्मान कर उन्हें रवाना किया गया। क्षेत्रवासियों ने इस बस सेवा के संचालन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों और स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली का आभार व्यक्त किया। परिचालक दशरथ शर्मा